HINDI

06-11-2023

DCSD ने मनाए संयुक्त राष्ट्र दिवस और इसके विविध शैक्षिक विकल्प

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (*DCSD*) ने संयुक्त राष्ट्र संघ USA के Atlanta चैप्टर जे सहयोग से शनिवार, 28 अक्तूबर को Indian Creek एलिमेंटरी स्कूल में संयुक्त राष्ट्र दिवस के लिए संगठन की 78वीं सालगिरह मनाई।

संयुक्त राष्ट्र दिवस "आप्रवासियों और शरणार्थियों के लिए गरिमा, समानता और न्याय" को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करते हुए उत्सव मनाने का आह्वान करता है। संयुक्त राष्ट्र दिवस 2023 ने दुनिया भर में शरणार्थियों और आप्रवासियों के अधिकारों और कल्याण की हिमायत करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता के समय पर और शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य किया। DCSD अधीक्षक Dr. Devon Q. Horton इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में से एक थे और उन्होंने बताया कि कैसे यह डिस्ट्रिक्ट संस्कृतियों, नवाचार और महत्वाकांक्षा का संगम है।

"Dunwoody से Damascus तक, Tucker से Thailand तक, Stone Mountain से Syria तक, Chamblee से Czechoslovakia तक और Lithonia से Liberia तक - अमेरिका के कोने-कोने में और दुनिया भर में हर जगह - सभी बच्चे उच्च गुणवत्ता वाली, प्रासंगिक शिक्षा पाने का हक रखते हैं, जो उन्हें न केवल सफलता और पूर्ति का एहसास कराए, बल्कि ऐसी शिक्षा जो कामकाजी, सहयोगी और उत्पादक समाज में योगदान दे और जो सभी को अपनाए," Dr. Horton ने कहा।

"सामूहिक रूप से हम अपने उद्देश्य में जितने मजबूत और एकजुट होंगे, उतनी ही मजबूती और एकजुटता से हम लोगों की भलाई कर पाएँगे।"

संयुक्त राष्ट्र संघ USA (*UNA-USA*) 1945 से संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करने के लिए समर्पित अमेरिकियों का एक आंदोलन है। देश भर में 20,000 से अधिक सदस्यों और 200 से अधिक चैप्टर्स के साथ, UNA-USA सदस्य वैश्विक जुड़ाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और इस विश्वास के साथ एकजुट होते हैं कि हम में से प्रत्येक संयुक्त राष्ट्र के मिशन को आगे बढ़ाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भूमिका निभा सकते हैं।

Dr. Horton सही कहते हैं, DCSD उन विद्यार्थियों का घर है जो 140 से अधिक भाषाएँ बोलते हैं और 180 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं। डिस्ट्रिक्ट को शिक्षा के विविध विकल्प प्रस्तुत करने पर गर्व है।

“हमारे विद्यार्थी हमारी दुनिया के लगभग हर कोने से आते हैं। शुक्र है, DeKalb काउंटी स्कूलों में शिक्षा के लगातार बढ़ रहे पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं - जिनमें अंतर्राष्ट्रीय स्नातक, चार्टर और मोंटेसरी कार्यक्रमों के लिए विभिन्न STEM पाठ्यक्रम स्कूल शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत प्रतिभा को विकसित करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता के उदाहरण हैं।" Dr. Horton ने बताया।

Indian Creek एलिमेंट्री स्कूल में संयुक्त राष्ट्र दिवस 2023 के इस रोमांचक कार्यक्रम के दृश्यों और ध्वनियों के लिए, यहाँ देखें:

- तस्वीरें: https://www.flickr.com/photos/dekalbschools/sets/72177720312268845/
- वीडियो: https://www.youtube.com/watch?v=8iTjmjiQVUM

XXX